II. दिल्ली नगर निगम :

		अवधि	राशि भुगतान की गई
1	ए० एस० वी० जे० प्राथमिक स्कूल, बल्लीमारान	जुलाई, 78 से जून, 1981 तक की अवधि है	3024.00
2	सनातन धर्म कन्या पाठशाला, चीरा खाना, दिल्ली ।	मार्च, 1978 से फरवरी, 1981 तक	2462.40

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए दूसरा प्रवेश मार्ग

2944. श्री त्रिलोक चन्द : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण ने मिन्टो रोड की ओर से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिये एक दूसरा प्रवेश मार्ग निर्मित करने की एक योजना तैयार की है;

(ख) क्या उक्त दूसरे मार्ग के बनने से यात्रियों को बहुत ही सुविधा होगी;

(ग) यदि हां, तो उक्त योजना कब तक तथा किस विभाग द्वारा क्रियान्वित की जायेगी; और

(घ) क्या उक्त प्रवेश मार्ग एशियाड 82 के शुरू होने से पहले तक तैयार हो जाने की आशा है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय एवं संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) नई दिल्ली स्टेशन पर जाने के लिये दूसरे प्रवेश मार्ग की व्यवस्था करने संबंधी योजना रेलों, दिल्ली विकास प्राधिकरण, नगर और ग्राम योजना संगठन, दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगर पालिका द्वारा संयुक्त रूप से बनायी गई है ।

(ख) जी हां ।

(ग) और (घ). योजना का अधिकांश भाग रेलवे द्वारा निष्पादित किया जा रहा है तथा थाम्सन रोड की ओर से पहुंच मार्ग की व्यवस्था दिल्ली नगर निगम द्वारा की जानी है। इस कार्य को एशियाड 82 से पहले पूरा करने के लिये हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं ।

दिल्ली के सहायता प्राप्त स्कूलों के अध्यापकों के लिए चयन ग्रेड

2945. श्री त्रिलोक चन्द : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में सहायता प्राप्त वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कौन-कौन से हैं जिनके अध्यापकों को 1980 के बाद चयन ग्रेड नहीं दिया गया है जबकि इस बारे में दिल्ली प्रशासन ने निदेश जारी कर दिये थे;